भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2255
(दिनांक 23.09.2020 को उत्तर देने के लिए)

संस्कृत भाषा में समाचार कार्यक्रम

2255. श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुलेः
डॉ. सुभाष रामराव भामरेः
श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस.:
डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हेः
श्री कुलदीप राय शर्माः
श्री बी. मणिक्कम टैगोरः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आकाशवाणी समाचार चैनल ने संस्कृत भाषा में अपना पहला समाचार कार्यक्रम प्रसारित करना आरंभ कर दिया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस कदम के पीछे उद्देश्य और कार्यक्रम के दिन एवं अवधि का विवरण क्या है;

(ख) क्या डीडी न्यूज ने संस्कृत समाचार पत्रिका के निरंतर प्रसारण के पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का आकाशवाणी और दूरदर्शन पर और अधिक संस्कृत कार्यक्रमों को प्रसारित करने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है;

(घ) क्या आकाशवाणी तथा दूरदर्शन पर क्षेत्रीय भाषा समाचार बुलेटिनों के लिए आबंटित समय तुलनात्मक रूप से कम अवधि के हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कारण क्या हैं; और

(ङ) क्षेत्रीय भाषाओं में समाचार बुलेटिनों की अवधि बढ़ाने और इसे बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा क्या विभिन्न कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री

(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क): जी हां। प्रसार भारती ने 4 जुलाई, 2020 से आकाशवाणी पर 20 मिनट का संस्कृत साप्ताहिक समाचार कार्यक्रम "सापथिकी" शुरू किया है जिसका प्रसारण प्रत्येक शनिवार को 11:20 मिनट पर और पुन: प्रसारण रविवार को उसी समय किया जाता है।

इस कार्यक्रम में संस्कृत साहित्य, दर्शनशास्त्र, इतिहास, कला, संस्कृति और परंपरा में प्रतिष्ठापित मानवीय मूल्यों को शामिल किया जाता है। कार्यक्रम में पूरे सप्ताह के घटनाक्रमों की मुख्य बातों को भी सम्मिलित किया जाता है।

(ख): जी हां। 28 जून, 2015 को शुरू की गई संस्कृत समाचार पत्रिका "वर्तावली" ने डीडी न्यूज पर निरंतर प्रसारण के पांच वर्ष सफलतापूर्वक पूरे कर लिए है।

(ग): जी नहीं।

(घ) और (ङ): प्रसार भारती वर्तमान में अपने आकाशवाणी (एआईआर) नेटवर्क पर 77 क्षेत्रीय भाषाओं/स्थानीय बोलियों में न्यूज बुलेटिनों का प्रसारण कर रहा है। एक समर्पित 24X7 बहुभाषी रेडियो समाचार सेवा को डिजिटल रेडियो डीआरएम, डीटीएच सैटलाइट और इटरनेट मोड में भी शुरू किया गया है।

इसके अलावा, क्षेत्रीय न्यूज बुलेटिनों का प्रसारण विभिन्न क्षेत्रीय भाषा सैटेलाइट सेवा (आरएलएसएस) दूरदर्शन चैनलों पर किया जा रहा है। समाचार प्रचालनों को प्रमुख डीडी क्षेत्रीय केन्द्रों में स्वचालित बनाया गया है और समाचार प्रसारण के लुक और फील को बढाने के लिए स्टूडियो में न्यूज सेटों का पुनरुत्थान किया गया है।

क्षेत्रीय न्यूज बुलेटिनों और न्यूज कार्यक्रमों के लिए टाइम स्लॉट को पर्याप्त रूप से आवंटित किया गया है और समय-समय पर समीक्षा की जाती है। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रीय डीडी चैनलों में न्यूज बुलेटिनों और समसामयिक कार्यक्रमों के लिए टाइम स्लॉटों को बढ़ाया गया है।

क्षेत्रीय न्यूज बुलेटिनों सहित न्यूज बुलेटिनों में सुधार एक सतत प्रक्रिया है। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी समाचार एककों को विभिन्न भाषाओं में सभी बुलेटिनों और चर्चा कार्यक्रमों को यूट्यूब जैसे प्लेटफार्म पर अपलोड करने के लिए समर्पित डिजिटल चैनल प्रदान किया गया है। प्रसार भारती का न्यूजऑनएअर डिजिटल प्लेटफार्म एड्रांयड पर उपलब्ध है और आईओएस सभी क्षेत्रों से भाषा द्वारा इन न्यूज बुलेटिनों को एकत्रित करता है। भाषा विशिष्ट न्यूज newsonair.com वेबसाइट के माध्यम से भी उपलब्ध है।

****